# महोबा पुलिस

दिनांकः- 08.04.2021

सोशल मीडिया सेल

## थाना पनवाडी पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध कडी कार्यवाही करते हुये 141 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

जनपद महोबा में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा अवैध शराब/नशीले पदार्थों की बिक्री एवं अपराधिक घटनाओं पर पूर्णतः अंकुश लगाने के क्रम में अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निर्देशन पर व नवागन्तुक क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री तेज बहादुर सिंह के सफल पर्यवेक्षण में अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम मे आज दिनांक 08.04.2021 को SHO पनवाडी श्री विनोद कुमार द्वारा व0उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अभियान में सम्मलित होकर 02 नफर अभियुक्त क्रमशः 1. बाबूलाल पुत्र केशरी कलार उम्र करीब 60 वर्ष जिसके कब्जे से 72 क्वाटर देशी नाजायज शराब व 2. माखनलाल पुत्र मोहनलाल उम्र करीब 58 वर्ष जिसके कब्जे से 69 क्वाटर देशी नाजायज शराब बरामद करते हुये गिरफ्तार किया गया, जिस सम्बन्ध में बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर क्रमशः मु0अ0सं0 68/2021 व मु0अ0सं0 69/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम...।

1- व0उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह थाना पनवाड़ी महोबा
2- का. विमल कुमार 3- का. अवनीश सरोज 4. का. राघवेन्द्र सिंह
5- का. देवेन्द्र सिंह 6- का. रोहित कुमार यादव थाना पनवाड़ी महोबा।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण..।

1. बाबूलाल पुत्र केशरी कलार निवासी ग्राम मातनपुरा कस्बा व थाना पनवाडी जिला महोबा उम्र करीब 60 वर्ष ।
2. माखनलाल पुत्र मोहनलाल निवासी कस्बा व थाना पनवाडी जिला महोबा उम्र करीब 58 वर्ष।



Mahoba Police

दिनांकः- 08.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## "मिशन शक्ति" अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक...।

आज दिनाँक 08.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति"** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ जनपद महोबा में राठ रोड कांशीराम कॉलोनी में मिशनशक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया, जिसमें कहा कि सभी छात्रायें अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहें आज के समय में छात्रायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- 112, 1090, 1076 या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल **@mahobapolice** का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।








@mahobapolice SP Mahoba 7839857330

दिनांकः- 08.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा ने थाना कबरई में अभिलेखों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश...।

आज दिनांक 08.04.2021 को जिलाधिकारी महोबा श्री सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रुप से थाना कबरई का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया जिसके क्रम में जनपद महोबा में होने वाले आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में आपराधिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही को दृष्टिगत रखते हुये थाना अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया गया एवं पंचायत चुनाव में कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कबरई निरीक्षण के दौरान प्रमुख रुप से चुनाव रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया गया तदोपरान्त पूंछा गया कि हिस्ट्रीशीटरों/अवैध शराब व शस्त्र के विरुद्ध का विवरण एवं कितने अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी है आदि की जानकारी लेते हुये स्पष्ट रुप से कहा गया कि क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था से खिलवाड बरदाश्त नहीं होगा, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कर अधिक से अधिक मुचलके पर पाबंद किये जाने सम्बन्धी कडे निर्देश थानाध्यक्ष कबरई को को दिये गये।

इस दौरान कबरई **SO** श्री दिनेश सिंह, **SP PRO** राजेश मौर्य व अन्य अधि0/कर्म0 मौजूद रहे।





## थाना अजनर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के गौतम व नवागंतुक क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री तेज बहादुर सिंह के सफल पर्यवेक्षण में जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध पर रोंकथाम हेतु चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.04.2021 को **SHO** अजनर श्री श्याम प्रताप पेटल द्वारा गठित टीम ने अभियान में सम्मलित होकर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 59/2021 धारा 354 भादवि व 8 पाक्सो व 67 आईटी एक्ट में नामित/वान्छित चल रहे अभियुक्त परमानन्द उर्फ बाबू पुत्र प्रभूदयाल उम्र 19 वर्ष को थाना क्षेत्र के कस्वा सगुनिया तिगैला थाना अजनर जनपद महोबा के पास से गिरफ्तार किया गया, वाद आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### वांछित अभियुक्त का विवरण...।

परमानन्द उर्फ बाबू पुत्र प्रभूदयाल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सगुनियामाफ थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पेटल थाना अजनर जनपद महोबा
2. का.दीपक कुमार 3. का. अनिल कुमार 4. का. बलजीत सिंह थाना अजनर




Mahoba

## थाना कोतवाली महोबा की संयुक्त पुलिस टीम ने 02 वांछित अभियुक्त किये गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के सफल पर्यवेक्षण में जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध पर रोंकथाम हेतु चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.04.2021 को **SHO** कोतवाली महोबा श्री अनूप कुमार दूबे के नेतृत्व में गठित संयुक्त पुलिस टीम ने 02 नफर वांछित अभियुक्तों को क्रमशः 1. वांछित अभियुक्त ओमप्रकाश उर्फ सोनू अहिरवार पुत्र चेतराम अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 172/2021 धारा 452/376 भादवि को बस स्टाप महोबा से गिरफ्तार किया गया व अभियुक्त 2. इन्द्रपाल पुत्र वनमाली अहिरवार उम्र करीब 34 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 64/2021 धारा 419/420/406 भादवि को हमीरपुर चुंगी से गिरफ्तार करते हुये मां0 न्यायालय महोबा पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस की संयुक्त टीम:-

1- **SHO** अनूप कुमार दुबे थाना कोतवाली महोबा।
2. का0 अजीत कुमार 3. का0 अरविन्द कुमार
4.का0 कृष्णपाल सिंह 5. म0का0 रीना देवी

(द्वितीय टीम) 1- उ0नि0 मो सुल्तान
2- का0 जितेन्द्र सोनकर

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-

1- ओमप्रकाश उर्फ सोनू अहिरवार पुत्र चेतराम अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी रजौनी थाना महोबकंठ जनपद महोबा

2. इन्द्रपाल पुत्र वनमाली अहिरवार उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम पचपहरा थाना कोतवाली जनपद महोबा।




Mahoba Police

## आचार संहिता एवं कोविड-19 नियमों के उल्लंघन पर खरेला पुलिस की बड़ी कार्यवाही
## 04 अभियुक्त सहित 140 अज्ञात पर अभियोग दर्ज एवं 05 वाहन किये सीज



आज दिनाँक 08.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में पंचायत चुनाव के मद्देनजर आचार सहिता व कोविड-19 नियमों के उल्लंघन पर चलाये जा रहे अभियान के तहत प्र0नि0 खरेला विजय सिंह मय टीम द्वारा 04 नफर अभियुक्तगण **1.** कमलेश कुमार श्रीवास वरिष्ट सपा नेता प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य रेवई थाना चरखारी जिला महोबा **2.** मुन्ना पुत्र हसनू नि0मु0 डिंगुरराय कस्बा व थाना खरेला जिला महोबा **3.** सन्तराम पुत्र रामचरन नि0मु0 रायसिंह कस्बा व थाना खरेला जिला महोबा **4.** सन्तराम पुत्र ध्रुवराम नि0 दामूपुरवा थाना मुस्करा जिला हमीरपुर **5.** 140 व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध थाना हाजा पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन व कोविड-19 नियमों के उल्लंघन पर मु0अ0सं0 44/21 धारा 188,171घ, 269 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया, साथ ही 05 अदद चार पहिया वाहन 1. एम.पी. 16 सी 6441(बुलेरो) 2. यू0पी0 91 पी4157 (बुलेरो) 3. यू0पी0 91एम 7817(स्कार्पियो) 4. यू.पी. 91 एन 786 (स्कार्पियो) 5. यू.पी. 91 पी2998 (स्कार्पियो) को एम.वी. एक्ट की धारा 207 के तहत वाहनों को सीज किया गया।

### अभियुक्तगण का विवरण:-

1. कमलेश कुमार श्रीवास वरिष्ट सपा नेता प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य रेवई थाना चरखारी जिला महोबा
2. मुन्ना पुत्र हसनू नि0मु0 डिंगुरराय कस्बा व थाना खरेला जिला महोबा
3. सन्तराम पुत्र रामचरन नि0मु0 रायसिंह कस्बा व थाना खरेला जिला महोबा
4. सन्तराम पुत्र ध्रुवराम नि0 दामूपुरवा थाना मुस्करा जिला हमीरपुर
5. 140 व्यक्ति नाम पता अज्ञात

### कार्यवाही करने वाले पुलिस बल का विवरण:-

1. श्री विजय कुमार सिंह (प्र0नि0 खरेला)
2. उ0नि0 श्री उमेश कुमार
3. उ0नि0 श्री जाकिर अली
4. का0 हर्षित सिंह
5. का0 वीरेन्द्र कुमार
6. का0 विकास
7. का0 हरेन्द्र कुमार
8. का0 अजय कुमार

# महोबा पुलिस

दिनांक:- 08.04.2021

सोशल मीडिया सेल

